# सारण समाहरणालय, जिला प्रोग्राम कार्यालय (आई0सी0डी0एस0), छपरा।

## विज्ञापन संख्या–02/2025

निदेशक, आई.सी.डी.एस., निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–1700, दिनांक–06.03.2024 के द्वारा मिशन शक्ति उप योजना सामर्थ अन्तर्गत क्रेच के संचालन हेतु निर्देश प्राप्त है। उक्त संसूचित निर्देश के आलोक में सारण जिला अन्तर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय, छपरा, सदर (शहरी), के क्षेत्रान्तर्गत, वार्ड संख्या–03 एवं 20 में क्रेच का संचालन किया जा रहा है। जिसके लिए क्रेच वर्कर एवं क्रेच हेल्पर (महिला हेतु आरक्षित) के सुयोग्य अभ्यर्थियों का नियोजन किया जाना है। एतद् नियोजन संबंधी अहर्त्ता एवं शर्ते निम्नवत् है :–

| क्रम | इकाई | पद का नाम /आरक्षण | रिक्त पदों की संख्या | उम्र | वार्ड का आरक्षण | योग्यता/ अहर्त्ता/ अनुभव | मानदेय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 |
| 01 | मध्य विद्यालय ब्रह्मपुर, कोड संख्या–08, वार्ड सं0–03 छपरा। | क्रेच वर्कर | 01 | न्युनतम 18वर्ष, अधिकतम – 35वर्ष | अनारक्षित | **शैक्षणिक योग्यता** :– इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष उत्तीर्ण **अनुभवः**– बच्चों के साथ किसी भी संस्थान/ स्कूल/ आँगनबाड़ी/ प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव। | 5500/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |
| 02 | | क्रेच हेल्पर | 01 | | | **शैक्षणिक योग्यता** :– मैट्रिक अथवा समकक्ष उत्तीर्ण **अनुभवः**– बच्चों की देख–रेख संबंधित कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। | 3000/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |
| 03 | देवकुमार सिंह के मकान में, कोड संख्या–149, वार्ड सं0–20 छपरा। | क्रेच वर्कर | 01 | न्युनतम 18वर्ष, अधिकतम – 35वर्ष | अनारक्षित | **शैक्षणिक योग्यता** :– इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष उत्तीर्ण **अनुभवः**– बच्चों के साथ किसी भी संस्थान/ स्कूल/ आँगनबाड़ी/ प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव। | 5500/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |
| 04 | | क्रेच हेल्पर | 01 | | | **शैक्षणिक योग्यता** :– मैट्रिक अथवा समकक्ष उत्तीर्ण **अनुभवः**– बच्चों की देख–रेख संबंधित कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। | 3000/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |

01. आँगनबाड़ी क्रेच वर्कर/हेल्पर चयन हेतु संबंधित रिक्ति वाले वार्ड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
02. आँगनबाड़ी क्रेच वर्कर/हेल्पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित पंचायत चुनाव/नगर निकाय चुनाव के लिए निर्धारित वार्ड की आरक्षित कोटि के अन्तर्गत जो महिला अभ्यर्थी आती हो, वही एतद् पद पर चयन के लिए योग्य होंगी।
03. रिक्त वार्ड के आरक्षित कोटि में योग्य महिला अभ्यर्थी के उपलब्ध नहीं होने पर क्रमानुसार, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक सहित)/पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक सहित)/सामान्य वर्ग (अल्पसंख्यक सहित) के उम्मीदवार को चयनित किया जाएगा।

04. ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे किसी न्यायालय से दण्डित किया गया हो अथवा किसी प्रकार के अनियमितता के आरोप में चयनमुक्त कर दिया गया हो आँगनबाड़ी क्रेच वर्कर/हेल्पर के पर पर चयन के लिए अयोग्य होंगे।

05. आँगनबाड़ी क्रेच वर्कर/हेल्पर हेतु पदवार समर्पित आवेदनों में सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

06. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता समान रहने पर अधिक मेधा अंक वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

07. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता एवं मेधा अंक भी समान रहने पर उनमें अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

08. क्रेच हेल्पर के लिए न्युनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक अथवा समकक्ष (अतिरिक्त विषयों को छोड़कर) उतीर्ण होना आवश्यक होगा। उपरोक्त योग्यता की योग्य आवेदिका के नहीं मिलने पर जिला द्वारा योग्यता संबंधी छूट दी जा सकती है, लेकिन किसी भी परिस्थिति में क्रेच वर्कर के लिए मैट्रिक एवं हेल्पर के लिए 8वीं उतीर्ण होना आवश्यक होगा।

09. आँगनबाड़ी क्रेच वर्कर एवं हेल्पर के चयन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को उनकी उम्र न्युनतम–18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा –35 वर्ष होगी।

10. आँगनबाड़ी क्रेच वर्कर/हेल्पर इस योजना के लागू रहने तक कार्य कर सकेंगी। जिसके पश्चात् वह स्वतः सेवामुक्त हो जायेगी। साथ ही उक्त कर्मी किसी भी प्रायोजन के लिए सरकारी सेवक नहीं मानी जायेगी तथा भविष्य में सरकारी सेवाओं में समायोजन का उनका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। ये मानदेय आधारित कार्यकर्त्ता होंगी।

11. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार किया जायेगा। संबंधित अभ्यर्थियों के उनके आवेदन में उल्लेखित ई–मेल आई0डी0 एवं जिला के वेबसाईट–saran.nic.in के माध्यम से सूचना दी जायेगी। जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0, सारण, छपरा द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

12. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के अधीन है। अधोहस्ताक्षरी विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

13. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए आवेदन **दिनांक–05-02-2025 से दिनांक–28-02-2025 तक समय–05 बजे अपराह्ण** तक कार्यालय कार्य दिवस में सभी प्रमाण पत्र यथा–स्वअभिप्रमाणित शैक्षणिक प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/आवासीय प्रमाण पत्र/आधार कार्ड संलग्न कर सारण समाहरणालय परिसर में जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0 छपरा में हाथो–हाथ जमा कर सकेंगे। संदर्भित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

14. सभी प्रमाण पत्र आवेदन करने की तिथि या उसके पूर्व का होना अनिवार्य होगा।

15. एक से अधिक पदों लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।

16. भरे हुए आवेदन का छायाप्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

17. क्रेच की समय अवधि सामान्यतः प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 09:15 से शाम 06:30 बजे तक होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर निर्धारित समय के बाद लाभार्थी माता जब तक अपने बच्चे

को अपने साथ लेकर नहीं चले जाए तब तक क्रेच बंद नहीं किया जायेगा। प्रत्येक माह में 26 दिन के लिए क्रेच का संचालन किया जायेगा।

18. कामकाजी महिलाओं के छः माह के उपर एवं 05 वर्ष तक के बच्चे को क्रेच में रखने का प्रावधान होगा। इसकी लाभार्थी सरकारी कार्यालयों/निजी संस्थानों में कार्यरत महिलाएं होंगी।
19. सरकारी अवकाश में क्रेच बंद होने के अतिरिक्त कर्मियों को अन्य किसी प्रकार का कोई अवकाश देय नहीं होगा।
20. नियोजन के समय उपलब्ध करायी गयी सूचनाएं गलत पाये जाने की स्थिति में नियोजन समाप्त कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।
21. कर्मियों के निर्धारित समेकित पारिश्रमिक ही उन्हे देय होगा, इसके अतिरिक्त कर्मी अन्य किसी भी प्रकार का लाभ एवं सुविधा के हकदार नहीं होगे।
22. सभी कार्य दिवस एवं अवकाश के तिथि को कार्यालय खोलने की स्थिति में क्रेच की सेंवाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी कर्मियों की संयुक्त रूप से होगी।
23. क्रेच में बच्चों को रखने के लिए कर्मियों के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई सुविधा एवं लाभा अभिभावकों से नहीं लिया जाएगा। इस तरह की कोई सूचना प्राप्त होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
24. अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु बाल विकास परियोजना कार्यालय, छपरा सदर(शहरी) एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई.सी.डी.एस., छपरा, कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे या saran.nic.in वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

31/01/2025

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी
सारण, छपरा।

# आवेदन–प्रपत्र

विज्ञापन संख्या–..............................

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नाम : ..................................................
2. अभ्यर्थी का नाम : ......................................................
3. जन्म तिथि : ..............................................................
4. माता का नाम : .........................................................
5. पिता / पति का नाम : ................................................
6. आधार कार्ड नम्बर : ...................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ) : ..................................................................................................................................................................................................................
8. पत्राचार का पता : ..................................................................................................................................................................................................................
9. श्रेणी : सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

   अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐

10. मोबाईल नम्बर : .........................................................
11. ई–मेल आई.डी. : .......................................................
12. शैक्षणिक विवरणी :–

| क्रं0 सं0 | शिक्षा | विषय | उतीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैट्रिक | | | | | |
| 2. | इंटर | | | | | |
| 3. | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |

घोषणा :– उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक :–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर